भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

**राज्य सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या-351**
उत्तर दिनांक 03.04.2025 को दिया गया

**परमाणु ऊर्जा विभाग में रिक्तियां**

*351. श्री जावेद अली खान

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या आज की तिथि के अनुसार परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में बड़ी संख्या में वैज्ञानिकों के पद रिक्त पड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विगत कुछ वर्षों से विभिन्न ग्रेडों में संविदा के आधार पर वैज्ञानिकों की नियुक्ति की जा रही है, जिससे परमाणु अनुसंधान की निरंतरता प्रभावित हो रही है;

(घ) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष में संविदा के आधार पर की गयी वैज्ञानिकों की नियुक्तियों की संख्या का वर्ष-वार और ग्रेड-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) परमाणु ऊर्जा विभाग में वैज्ञानिकों की नियमित नियुक्ति बंद कर दिए जाने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ङ) सदन के पटल पर विवरण प्रस्तुत है।

*****

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

**"परमाणु ऊर्जा विभाग में रिक्तियां" के संबंध में श्री जावेद अली खान द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *351 के भाग (क) से (ङ), जिसका उत्तर दिनांक 03.04.2025 को दिया जाना है, के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) से (ख) परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) में वैज्ञानिकों की रिक्तियां निम्नानुसार हैं:

| क्रम संख्या | यूनिट का नाम | संस्वीकृत पद | वर्तमान में पदों की स्थिति | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीएआरसी | 3044 | 2928 | 116 |
| 2 | आईजीकार | 1050 | 1005 | 45 |
| 3 | आरआरकेट | 652 | 579 | 73 |
| 4 | वीईसीसी | 178 | 175 | 3 |
| 5 | एएमडी | 475 | 429 | 46 |
| 6 | ब्रिट | 108 | 102 | 6 |
| 7 | एनएफसी | 476 | 435 | 41 |
| 8 | भारी पानी बोर्ड | 500 | 325 | 175 |
| 9 | एनपीसीआईएल | 4443 | 3652 | 791 |
| 10 | भाविनि | 169 | 158 | 11 |
| 11 | डीपीएस | 2 | 1 | 1 |
| 12 | डीसीएसईएम | 84 | 69 | 15 |
| 13 | जीएसओ | 73 | 60 | 13 |
| 14 | डीएई | 21 | 17 | 4 |
| 15 | एईआरबी | 310 | 271 | 39 |
| 16 | टीआईएफआर (वैज्ञानिक) | 234 | 156 | 78 |
| | टीआईएफआर (शैक्षणिक) | 342 | 265 | 77 |
| 17 | ईसीआईएल (कार्यकारी) | 1263 | 1059 | 204 |
| 18 | आईआरईएल (कार्यकारी) | 304 | 249 | 55 |
| 19 | टीएमसी | 350 | 271 | 79 |
| 20 | यूसीआईएल | 284 | 253 | 31 |
| 21 | एसआईएनपी | 139 | 59 | 80 |
| 22 | एचआरआई | 40 | 30 | 10 |
| 23 | आईएमएससी | 61 | 50 | 11 |
| 24 | आईपीआर | 469 | 413 | 56 |
| 25 | आईओपी | 30 | 18 | 12 |
| 26 | यूएम-डीएई-सीईबीएस | 13 | 12 | 1 |
| 27 | एचबीएनआई | 2 | 2 | 0 |
| 28 | नाइसर | 325 | 142 | 183 |
| | **कुल** | **15441** | **13185** | **2256** |

(ग) से (घ) वैज्ञानिक श्रेणी में संविदात्मक नियुक्तियां नहीं की गई हैं।

(ङ) नहीं, वैज्ञानिकों की नियमित नियुक्तियां बंद नहीं हुई हैं।

*****